ANCHOR तीन दोस्तों के संघर्ष की कहानी, देशभर में रोशन किया शहर का नाम

छोटे से फ्लैट से शुरू हुई आईटी कंपनी देगी 2 हजार युवाओं को रोजगार

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ◆ करीब डेढ़ दशक पहले रेसकोर्स रोड स्थित एक छोटे से फ्लैट में शुरू हुई आईटी कंपनी साइबर इन्फ्रा स्ट्रक्चर (सीआईएस) आज इंदौर ही नहीं, बल्कि देश की नामी कंपनी के रूप में स्थापित हो गई है। तीन दोस्तों की लगन, प्रतिभा और संघर्ष का यह परिणाम है कि कंपनी जल्द ही 2 हजार युवाओं को रोजगार देने की प्लानिंग कर रही है।

अमित अग्रवाल, कुलदीप कुंडल और अभिषेक पारीक ने 2005 में रेसकोर्स रोड पर जब कंपनी शुरू की तो यह तीनों ही कर्मचारी थे। 7 साल बाद 2012 तक कंपनी में 230 युवाओं को रोजगार मिला और साउथ तुकोगंज में बड़ा दफ्तर शुरू किया। अब न्यू आईटी पार्क में कंपनी का नया ऑफिस है, जहां यह संख्या बढ़कर 800 हो गई है। कंपनी ने अब 2000 बेरोजगारों को नौकरी देने का लक्ष्य तय किया है।

दफ्तर में पिकनिक जैसा माहौल : सीआईएस के दफ्तर में कर्मचारियों के लिए पिकनिक जैसा माहौल निर्मित किया गया है। उन्हें जो सुविधाएं दी जा रही हैं, वे प्रदेश में पहली बार किसी कंपनी ने शुरू की हैं। जैसे कर्मचारियों के दफ्तर आने का कोई समय नियत नहीं है। वे जब चाहें ऑफिस आ सकते हैं, बशर्ते आने के बाद काम पूरा करके ही जाएं। मेंटली और फिजिकली रिलेक्स होने के लिए जिम्नेशियम और स्पा, इंडोर गेम्स, मस्ती के लिए लॉफ्टर एंड म्यूजिक रूम, रेस्ट के लिए बेड रूम जैसी सुविधा दी जा रही है। महिला कर्मचारियों के बच्चों के लिए ऑफिस में ही क्रेच और फीडिंग रूम की सुविधा उपलब्ध है। क्रेच में लगे सीसीटीवी कैमरे का लाइव प्रसारण महिला कर्मचारियों के मोबाइल पर दिया गया है, ताकि वे जब चाहें देख सकें कि उनका बच्चा किस हाल में है।